प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 106 /2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"एक्सेस सेवाओं (वायरलेस एवं वायरलाइन) और ब्रॉडबैंड (वायरलेस एवं वायरलाइन) सेवाओं के लिए सेवा-की-गुणवत्ता मानकों की समीक्षा" के लिए परामर्श पत्र पर टिप्पणियां तथा प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अतिरिक्त समय का विस्तार।

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर **2023** - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 18 अगस्त 2023 को "एक्सेस सेवाओं (वायरलेस एवं वायरलाइन) और ब्रॉडबैंड (वायरलेस एवं वायरलाइन) सेवाओं के लिए सेवा-की-गुणवत्ता मानकों की समीक्षा" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसके द्वारा हितधारकों से 11 अक्टूबर 2023 तक लिखित टिप्पणियां और 20 अक्टूबर, 2023 तक प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था।

2. हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर कि परामर्श पत्र व्यवसाय के सभी पहलुओं से बहुत व्यापक और विस्तृत है, इसलिए लिखित टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को और आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अत: **लिखित टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर क्रमश: 22 नवंबर 2023** और **06 दिसम्बर 2023** करने का निर्णय लिया गया है।

3. परामर्श पत्र पर लिखित टिप्पणियां निर्धारित टेम्पलेट में ट्राई की वेबसाइट पर अधिमानत: इलेक्टॉनिक रुप में भेजी जाए और इसकी प्रति ईमेल पते adv-qos1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती है ।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (क्यूओएस-I) से दूरभाष नंबर +91-11-23236516 पर संपर्क किया जा सकता है।

वि. रघुनंदन

(वि. रघुनंदन)
सचिव, ट्राई